राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 14 जनवरी 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने पश्चिम बंगाल राज्य प्रवास के दौरान आज कोलकाता में स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के स्मारक और अनुसंधान केंद्र के रूप में स्थापित ''नेताजी भवन'' का भ्रमण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होने कहा की ''नेताजी भवन में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जीवन से जुड़े दस्तावेजों, लेखों और तस्वीरों के बेहतरीन संग्रह को देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारत के लिए उनका योगदान अमिट है। सुभाष चंद्र बोस जी के ओजपूर्ण विचार युवाओं को सदैव राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करते हैं।''

............0............